Adda247 | GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## CEN 07/2024 - मिनिस्ट्रियल और आइसोलेटेड कोटियाँ / CEN 07/2024 - Ministerial & Isolated Categories

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/09/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | Assistant Teacher |

* Note
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Professional Ability**

**Q.1** उपचारात्मक शिक्षण (Remedial teaching), _________ किया जाता है।

Ans
- ✗ A. बिना किसी मूल्यांकन के
- ✗ B. नैदानिक मूल्यांकन से पहले
- ✓ C. नैदानिक मूल्यांकन के बाद
- ✗ D. केवल वर्ष के अंत में

**Q.2** शास्त्रीय अनुबंधन का सिद्धांत किसने विकसित किया?

Ans
- ✗ A. बी.एफ. स्किनर (BF Skinner)
- ✓ B. इवान पी. पावलोव (Ivan P Pavlov)
- ✗ C. अल्बर्ट बंडुरा (Albert Bandura)
- ✗ D. वोल्फगैंग कोहलर (Wolfgang Kohler)

**Q.3** शिक्षा में, मल्टीमीडिया संसाधनों का उपयोग ______ के लिए किया जाता है।

Ans
- ✗ A. कक्षाओं को जीवंत और आकर्षक बनाने
- ✗ B. शिक्षक का पूर्णतः स्थान लेने
- ✓ C. विभिन्न इंद्रियों के माध्यम से अधिगम को बढ़ाने
- ✗ D. लिखित सामग्री पर ध्यान देने

**Q.4** एक अच्छी पाठ्यपुस्तक ऐसी शैली में लिखी जानी चाहिए जो ______ हो।

Ans
- ✗ A. लंबी और विस्तृत
- ✗ B. अमूर्त और संभ्रम करने वाली
- ✓ C. स्पष्ट, सरल और रोचक
- ✗ D. कठिन और तकनीकी

**Q.5** जे.पी. गिलफोर्ड के बौद्धिक संरचना मॉडल के अनुसार, बुद्धि तीन आयामों में संगठित होती है। निम्नलिखित में से कौन इन तीन आयामों की सही पहचान करता है?

Ans
- ✓ A. संक्रिया, विषय-वस्तु, उत्पाद (Operations, Contents, Products)
- ✗ B. विश्लेषी, सृजनात्मक, व्यावहारिक (Analytical, Creative, Practical)
- ✗ C. संज्ञान, स्मृति, मूल्यांकन (Cognition, Memory, Evaluation)
- ✗ D. मौखिक, संख्यात्मक, देशिक (Verbal, Numerical, Spatial)

Adda247

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.6 किसी पाठ्यपुस्तक की गुणवत्ता और उपयोगिता मुख्यतः किस पर निर्भर करती है?

Ans
- ✗ A. प्रकाशक का लोगो
- ✓ B. लेखक
- ✗ C. मुद्रक
- ✗ D. विद्यालय भवन

Q.7 अनुभव, अभ्यास और प्रयासों के माध्यम से व्यवहार परिष्करण (behavior modification) की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. अनुकूलन
- ✗ B. अभिप्रेरण
- ✓ C. अधिगम
- ✗ D. परिपक्वन

Q.8 निम्नलिखित में से कौन-सी, एक सु-समायोजित व्यक्ति की एक विशेषता नहीं है?

Ans
- ✗ A. निर्णय लेने में स्वतंत्र
- ✓ B. संवेगतः भंगुर
- ✗ C. चिंतन में परिपक्वता
- ✗ D. दूसरों के प्रति गर्मजोशी और समझदारी

Q.9 किसी व्यक्ति की नई आवश्यकताओं के अनुसार अपने चिंतन को पूरी जागरूकता के साथ समायोजित करने की सामान्य क्षमता क्या होती है?

Ans
- ✓ A. बुद्धिमत्ता
- ✗ B. अभिप्रेरण
- ✗ C. सृजनशीलता
- ✗ D. अभिक्षमता

Q.10 विद्यार्थियों को सुरक्षित, नियंत्रित और अन्तर्क्रियात्मक परिवेश में संचार कौशल का अभ्यास करने और लागू करने में सक्षम बनाने के लिए कौन-सी अनुदेशात्मक रणनीति सबसे प्रभावी है?

Ans
- ✗ A. लिखित निबंध नियत कार्य
- ✗ B. स्वतंत्र पठन नियत कार्य
- ✗ C. व्याख्यान-आधारित अनुदेश
- ✓ D. भूमिका निर्वहन परिदृश्य

Q.11 एक शिक्षक ने देखा कि दो विद्यार्थी, जो समान आयु के हैं और जिनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और स्कूली शिक्षा समान है, समस्याओं को हल करने में स्पष्ट रूप से भिन्न गति प्रदर्शित करते हैं। इस अंतर का वर्णन करने वाला सबसे संभावित कारक कौन-सा है?

Ans
- ✓ A. जीन और परिवेश की अन्योन्यक्रिया
- ✗ B. केवल परिवेशीय अवसर
- ✗ C. कक्षा के परिवेश में साथियों का दबाव
- ✗ D. शिक्षक की ग्रेडिंग नीति

Q.12 अपेक्षित अनुक्रियाओं की संख्या और दिए गए पुरस्कारों के बीच का अनुपात सतत होता है, जिसे निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. नियत पुनर्बलन (Fixed reinforcement)
- ✗ B. परिवर्ती अनुपात पुनर्बलन (Variable ratio reinforcement)
- ✓ C. नियतानुपात पुनर्बलन (Fixed ratio reinforcement)
- ✗ D. आनुपातिक पुनर्बलन (Proportional reinforcement)

Adda247

Q.13 शिक्षा में, मल्टी-मीडिया ______ के समावेशन को संदर्भित करता है।
Ans
- ✔ A. अन्योन्यक्रियता, पाठ, ध्वनि, छवियों और सजीवता (interactivity, text, sound, images and animations)
- ✘ B. केवल शिक्षक की बातचीत (just the teacher's talk)
- ✘ C. केवल चार्ट और छवियों (just charts and images)
- ✘ D. केवल भौतिक मॉडलों (just the physical models)

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक मानसिक योग्यता सिद्धांत का हिस्सा नहीं है?
Ans
- ✘ A. स्थानिक संबंध (Spatial Relations)
- ✔ B. यांत्रिक योग्यता (Mechanical ability)
- ✘ C. संख्यात्मक योग्यताएं (Numerical Abilities)
- ✘ D. शाब्दिक बोध (Verbal Comprehension)

Q.15 प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए पाठ्यपुस्तक लिखते समय, लेखकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए, कि ________________।
Ans
- ✘ A. विषय-वस्तु की प्रस्तुति अपरंपरागत होनी चाहिए
- ✘ B. वे किसी भी गतिविधि को शामिल न करें
- ✘ C. भाषा जटिल होनी चाहिए
- ✔ D. वे प्रामाणिक विषय-वस्तु ज्ञान प्रदान करें

Q.16 अधिगम जो केवल तभी स्पष्ट होता है, जब उसके उपयोग का अवसर आता है, निम्नलिखित में से क्या कहलाता है?
Ans
- ✘ A. मॉडलिंग
- ✔ B. अव्यक्त अधिगम
- ✘ C. अनुबंधन
- ✘ D. अनुकरण

Q.17 पाठ्यपुस्तक चुनते समय शिक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ______।
Ans
- ✘ A. उसमें केवल चुनौतीपूर्ण विषय ही शामिल हों
- ✔ B. वह पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या के अनुरूप हो
- ✘ C. वह याद करने की क्षमता को बढ़ावा दे
- ✘ D. उसमें यथासंभव अधिक से अधिक पृष्ठ हों

Q.18 मनोवैज्ञानिकों के लिए, वैयक्तिक अंतर का अर्थ _________है।
Ans
- ✘ A. लोगों के बीच समानता
- ✘ B. केवल शारीरिक अंतर
- ✔ C. विशेषताओं और व्यवहार में भिन्नता
- ✘ D. केवल खेलों में प्रतिभा

Q.19 बहुभाषीय शिक्षा _______ को बढ़ावा देती है।
Ans
- ✘ A. भाषा दमन
- ✘ B. केवल शब्दावली सूचियों को याद रखने
- ✔ C. संज्ञानात्मक नम्यता और सांस्कृतिक समावेशिता
- ✘ D. संचार के प्रतिबंध

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सा, कम लागत वाली शिक्षण अधिगम सामग्री का एक उदाहरण नहीं है?
Ans
- ✔ A. स्मार्ट बोर्ड
- ✘ B. कार्डबोर्ड
- ✘ C. माचिस की तीलियां
- ✘ D. प्रतिवेश मानचित्र

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.21 घटनाएँ या परिणाम जिन्हें प्रस्तुत किए जाने पर व्यवहार सशक्त हो जाता है, ________ कहलाता है।

Ans
- ✗ A. दंड
- ✗ B. निषेधात्मक प्रबलन
- ✓ C. सकारात्मक प्रबलन
- ✗ D. अंतर्दृष्टि अभिगम

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा, समायोजन की पर्याप्तता का आकलन करने हेतु मनोवैज्ञानिकों द्वारा विकसित मानदंड नहीं है?

Ans
- ✗ A. कार्य कुशलता
- ✗ B. शारीरिक स्वास्थ्य
- ✗ C. मनोवैज्ञानिक सुख
- ✓ D. सामाजिक उपेक्षा

Q.23 निम्न में से कौन-सा शॉर्टकट, यूज़र को किसी डॉक्यूमेंट या वेबपेज के भीतर किसी विशिष्ट शब्द या वाक्यांश (specific word or phrase) को सर्च करने की सुविधा देता है?

Ans
- ✗ A. Ctrl + S
- ✗ B. Ctrl + C
- ✗ C. Ctrl + Tab
- ✓ D. Ctrl + F

Q.24 एक ही अंडे से विकसित जुड़वां को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. द्वियुग्मनज जुड़वां (Dizygotic twins)
- ✗ B. बाइजाइगोटिक जुड़वां (Bizygotic twins)
- ✗ C. भिन्न जुड़वां (Different twins)
- ✓ D. एकयुग्मनज जुड़वां (Monozygotic twins)

Q.25 रोहन, समीक्षात्मक चिंतन में अग्रगण्य है और संख्यात्मक प्रश्नों को हल करने के लिए प्रतीकों का प्रयोग कर सकता है। वह दूसरों की भावनाओं, अभिप्रायों और इच्छाओं को समझने में भी बहुत कुशल है। हॉवर्ड गार्डनर के बहुविध बुद्धिमत्ता सिद्धांत के अनुसार, रोहन किन दो प्रकार की बुद्धि को प्रदर्शित करता है?

Ans
- ✗ A. तार्किक-गणितीय बुद्धि और अंत:वैयक्तिक बुद्धि
- ✓ B. तार्किक-गणितीय बुद्धि और अंतर वैयक्तिक बुद्धि
- ✗ C. देशिक बुद्धि और अंत:वैयक्तिक बुद्धि
- ✗ D. तार्किक-गणितीय और देशिक बुद्धि

Adda247

Q.26 निम्नलिखित में से कौन-सा, उपचारात्मक अधिगम से संबंधित नहीं है?

Ans
- ✗ A. अनुकूलित अधिगम (Customised learning)
- ✗ B. संवेगात्मक कल्याण (Emotional wellbeing)
- ✗ C. समावेशिता और समान अवसर (Inclusivity and equal opportunities)
- ✓ D. शैक्षिक प्रदर्शन में निरंतरता (Consistency in academic performance)

Q.27 मनोवैज्ञानिक विशेषकों के विभिन्न अंश (Various degrees of psychological traits) सामान्य रूप से जनसंख्या में वितरित होते हैं जो ________ के वक्र जैसा दिखता है।

Ans
- ✗ A. V आकार
- ✓ B. घंटी के आकार
- ✗ C. उल्टा U आकार
- ✗ D. U आकार

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.28** उपचारात्मक शिक्षण (remedial teaching) में पहला चरण _____ करना है।

**Ans**
- ✗ A. संवर्धन गतिविधियाँ तैयार
- ✗ B. शिक्षार्थी के पूर्व ज्ञान का आकलन
- ✓ C. नैदानिक परीक्षण आयोजित
- ✗ D. शिक्षण सहायक सामग्री का चयन

**Q.29** निम्नलिखित में से किसे इंटरैक्टिव मल्टीमीडिया (interactive multimedia) सामग्री माना जा सकता है?

**Ans**
- ✓ A. डिजिटल सिमुलेशन और ई-लर्निंग मॉड्यूल (Digital simulations and e-learning modules)
- ✗ B. वॉल चार्ट (Wall charts)
- ✗ C. फ़्लैशकार्ड (Flashcards)
- ✗ D. प्रिंटेड हैंडआउट (Printed handouts)

**Q.30** शिक्षा में नैदानिक मूल्यांकन मुख्यतः _______ का पता लगाने में सहायता करता है।

**Ans**
- ✓ A. शिक्षार्थियों की क्षमताओं और कमजोरियों का पता लगाने
- ✗ B. विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने
- ✗ C. अंतिम परीक्षा आयोजित करने
- ✗ D. तथ्यों को याद रखने को बढ़ावा देने

**Q.31** कक्षा में विद्यार्थियों की मातृभाषा का उपयोग _______ के रूप में माना जाता है।

**Ans**
- ✗ A. कक्षा के समय का अपव्यय
- ✗ B. विशेष रूप से अंग्रेजी अधिगम में अवरोध
- ✗ C. एक अवधारणा को विकसित करने में कठिनाई
- ✓ D. एक अमूल्य शैक्षिक संसाधन

**Q.32** निम्नलिखित में से कौन-सी, संप्रेषण में बाधा नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. भौतिक बाधा
- ✓ B. संज्ञानात्मक बाधा
- ✗ C. व्यक्तिगत बाधा
- ✗ D. शब्दार्थ बाधा

**Q.33** बुद्धि लब्धि (IQ) की गणना के पारंपरिक सूत्र (conventional formula) में संक्षिप्त रूप MA और CA के पूर्ण रूप क्या हैं?

**Ans**
- ✗ A. Present Age (CA) and Maximum Ability (MA) [(प्रेजेंट ऐज (CA) एंड मैक्सिमम एबिलिटी (MA)]
- ✓ B. Chronological Age (CA) and Mental Age (MA) [क्रोनोलॉजिकल ऐज (CA) एंड मेन्टल ऐज (MA)]
- ✗ C. Chronological Aptitude (CA) and Mental Aptitude (MA) [क्रोनोलॉजिकल एप्टीट्यूड (CA) एंड मेन्टल एप्टीट्यूड (MA)]
- ✗ D. Cognitive Ability (CA) and Memory Assessment (MA) [(कॉग्निटिव एबिलिटी (CA) एंड मैमोरी असेसमेंट (MA)]

**Q.34** लोगों के बीच संभावित भिन्नताओं की सूची _________ होती है।

**Ans**
- ✗ A. जन्म के समय निश्चित
- ✓ B. अंतहीन
- ✗ C. बहुत छोटी
- ✗ D. शारीरिक विशेषकों तक सीमित

**Q.35** विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम में, कौन-सा पावर-सेविंग मोड हार्डवेयर को निम्न-पावर स्थिति में रखते हुए सिस्टम के RAM में करंट सेशन (current session) को स्टोर करता है, जिससे इसके विकल्पों की तुलना में तीव्रता से फिर से शुरू करने (resume) की सुविधा मिलती है?

**Ans**
- ✓ A. स्लीप (Sleep)
- ✗ B. फास्ट स्टार्टअप (Fast Startup)
- ✗ C. हाइब्रिड नींद (Hybrid Sleep)
- ✗ D. हाइबरनेट (Hibernate)

Q.36 वे यमज (Twins) जो जनन कोशिकाओं के भिन्न युग्मों के कारण एक दूसरे से भिन्न होते हैं, _________ कहलाते हैं।

Ans
- ✗ A. भिन्न यमज (Different twins)
- ✓ B. भ्रातृ यमज (Fraternal twins)
- ✗ C. मातृ यमज (Maternal twins)
- ✗ D. पैतृ यमज (Paternal twins)

Q.37 वृद्धि और विकास निम्नलिखित में से किसका परिणाम है?

Ans
- ✗ A. केवल पोषण
- ✗ B. केवल आनुवंशिकता
- ✗ C. केवल पर्यावरण
- ✓ D. आनुवंशिकता और पर्यावरण संयोजन का

Q.38 बुद्धि लब्धि (IQ) की गणना करने का सही सूत्र कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. IQ = (मानसिक आयु × कालानुक्रमिक आयु) ÷ 100
- ✗ B. IQ = (कालानुक्रमिक आयु ÷ मानसिक आयु) × 100
- ✗ C. IQ = (कालानुक्रमिक आयु - मानसिक आयु) × 100
- ✓ D. IQ = (मानसिक आयु ÷ कालानुक्रमिक आयु) × 100

Q.39 पर्याप्त पोषण मुख्य रूप से _________शरीर को रोगों से लड़ने में सहायता करता है।

Ans
- ✗ A. वजन बढ़ाने को बढ़ावा देकर
- ✓ B. प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार करके
- ✗ C. शरीर के तापमान में वृद्धि करके
- ✗ D. कैलोरी सेवन को कम करके

Q.40 ड्रिल विधि (Drill method) का प्रयोग पारंपरिक रूप से _________ पढ़ाने के लिए किया जाता था।

Ans
- ✓ A. गणित
- ✗ B. सामाजिक विज्ञान
- ✗ C. विज्ञान
- ✗ D. कंप्यूटर विज्ञान

Q.41 शब्द personality की उत्पत्ति लैटिन शब्द persona से हुई है, जिसका मूल रूप से अर्थ .............. है।

Ans
- ✗ A. किसी व्यक्ति की आत्मा
- ✓ B. रोमन रंगमंच में अभिनेताओं द्वारा पहना जाने वाला मुखौटा
- ✗ C. किसी व्यक्ति के आंतरिक विचार
- ✗ D. किसी नायक के चरित्र विशेषक

Q.42 निम्नलिखित में से कौन-सा सिस्टम सॉफ्टवेयर का उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. एडोब इलस्ट्रेटर (Adobe Illustrator)
- ✗ B. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Microsoft Word)
- ✓ C. डिवाइस ड्राइवर (Device driver)
- ✗ D. गूगल क्रोम (Google Chrome)

Q.43 भारत में कौन-सा FM चैनल शैक्षिक प्रसारण के लिए समर्पित है?

Ans
- ✗ A. ऑल इंडिया रेडियो
- ✓ B. ज्ञान वाणी
- ✗ C. रेडियो मिर्ची
- ✗ D. विविध भारती

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.44 निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत, अवलोकनात्मक अधिगम पर बल देता है?
Ans
- ✗ A. अव्यक्त अधिगम
- ✓ B. सामाजिक अधिगम
- ✗ C. अंतर्दृष्टि अधिगम
- ✗ D. चिह्न अधिगम

Q.45 1900 के दशक के आरंभ में किस मनोवैज्ञानिक ने 'मानसिक आयु (Mental Age)' शब्द की रचना की थी?
Ans
- ✗ A. चार्ल्स स्पीयरमैन (Charles Spearman)
- ✓ B. अल्फ्रेड बिनेट (Alfred Binet)
- ✗ C. डेविड वेचस्लर (David Wechsler)
- ✗ D. रॉबर्ट स्टर्नबर्ग (Robert Sternberg)

Q.46 निम्नलिखित में से कौन-सी, एक प्रभावी शिक्षण युक्ति की विशेषता नहीं है?
Ans
- ✓ A. समीक्षात्मक चिंतन को हतोत्साहित करना
- ✗ B. स्व-अधिगम को प्रोत्साहित करना
- ✗ C. अभिरुचि को आकर्षित करना और बनाए रखना
- ✗ D. समस्या-समाधान में अधिगम का अनुप्रयोग करना

Q.47 नवजात अवस्था ____________ होती है।
Ans
- ✗ A. जन्म से 1 वर्ष तक
- ✓ B. जन्म से 28 दिन तक
- ✗ C. 28 दिन से 1 वर्ष तक
- ✗ D. जन्म से 6 माह तक

Q.48 उपचारी अधिगम (remedial learning) में शामिल चरणों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए।

1. अधिगम कठिनाई की विशिष्ट प्रकृति की पहचान करना
2. अधिगम कठिनाइयों का कारण बनने वाले कारक का निर्धारण करना
3. अधिगम कठिनाइयों वाले व्यक्तिगत विद्यार्थियों/समूहों की पहचान करना
4. उपचारात्मक उपायों को लागू करना

Ans
- ✗ A. 1-4-2-3
- ✗ B. 3-2-1-4
- ✗ C. 2-1-4-3
- ✓ D. 3-1-2-4

Q.49 निम्नलिखित में से कौन-सा फंक्शन, कंप्यूटर सिस्टम में सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) का फंक्शन नहीं है?
Ans
- ✗ A. अंकगणित और तर्क संक्रिया (arithmetic and logic operation) निष्पादित करना
- ✗ B. प्रोग्राम एग्जीक्यूशन (program execution) के अनुक्रम को नियंत्रित करना
- ✗ C. मेमोरी से इंस्ट्रक्शन फेच (fetch) किया जाना
- ✓ D. इनपुट और आउटपुट डिवाइस को सीधे प्रबंधित करना

Q.50 गुणसूत्र के भीतर छिपे आनुवंशिक कारक को क्या कहा जाता है?
Ans
- ✓ A. जीन
- ✗ B. केंद्रक
- ✗ C. माइटोकॉन्ड्रिया
- ✗ D. राइबोसोम

Section : **General Ability**

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.51 जून 2025 के उपचुनाव में विसावदर (गुजरात) विधानसभा क्षेत्र से जीतने वाले इटालिया गोपाल किस राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करते हैं?

Ans
- ✗ A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ✗ B. भारतीय जनता पार्टी
- ✓ C. आम आदमी पार्टी
- ✗ D. बहुजन समाज पार्टी

Q.52 सात बॉक्स E, F, G, H, S, T और U एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। G के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। E और G के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। E और U के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। U को G के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। T को U के ठीक नीचे रखा गया है। S को F के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। H को E के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है।
सबसे नीचे कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
- ✗ A. T
- ✓ B. F
- ✗ C. E
- ✗ D. S

Q.53 निम्नलिखित में से किस संशोधन द्वारा राज्यों पर भारतीय संविधान के भाग IX के प्रावधानों के अनुसार पंचायती राज अधिनियमों को अधिनियमित करने का संवैधानिक दायित्व डाला गया है?

Ans
- ✓ A. 73वाँ संशोधन, 1992
- ✗ B. 74वाँ संशोधन, 1992
- ✗ C. 86वाँ संशोधन, 2002
- ✗ D. 91वाँ संशोधन, 2003

Q.54 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

33 A 3 C 4 B 2 D 4 A 2 = ?

Ans
- ✗ A. 14
- ✓ B. 17
- ✗ C. 19
- ✗ D. 11

Q.55 अमरबेल (कस्कुटा) को परजीवी पादप क्यों कहा जाता है?

Ans
- ✗ A. यह प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से अपना भोजन स्वयं निर्मित करता है।
- ✗ B. यह नाइट्रोजन के लिए कीटों को ट्रैप करता है।
- ✓ C. यह पोषण के लिए परपोषी पादप पर निर्भर होता है।
- ✗ D. यह मृदा में स्वतंत्र रूप से उगता है।

Q.56 यदि 'I' का अर्थ '+' है, 'J' का अर्थ '×' है, 'K' का अर्थ '÷' है, और 'L' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

6 K 2 J 4 L 3 I 9 = ?

Ans
- ✗ A. 26
- ✗ B. 23
- ✓ C. 18
- ✗ D. 30

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.57 50 Ω, 50 Ω और 100 Ω के प्रतिरोधक एक परिपथ में श्रेणीक्रम में जुड़े हुए हैं। इन्हें परिपथ में _______ के एकल प्रतिरोधक से प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

Ans
- ✗ A. 0.05 Ω
- ✗ B. 20 Ω
- ✗ C. 100 Ω
- ✓ D. 200 Ω

Q.58 किसी निश्चित कूट भाषा में, NOSE को EPTN लिखा जाता है और NOTE को EPUN लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में NAME को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
- ✗ A. NAME
- ✗ B. NBNE
- ✗ C. EMAN
- ✓ D. EBNN

Q.59 'सिद्धार्थ: द बॉय हू बिकेम द बुद्धा' (उपन्यास) पुस्तक किसने लिखी है जिसे अंग्रेजी में 2025 साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ A. हरलीन कौर
- ✗ B. कौशिक गोस्वामी
- ✗ C. अनुराग भास्कर
- ✓ D. अद्वैत कोट्टारी

Q.60 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

FAT ZUN TOH NIB ?

Ans
- ✗ A. HVC
- ✗ B. HVG
- ✗ C. HGT
- ✓ D. HCV

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
(i) ठोस $CO_2$ को शुष्क बर्फ कहा जाता है।
(ii) ठोस $CO_2$, 1 atm दाब पर सीधे गैस में परिवर्तित हो जाती है।
(iii) दाब और तापमान, पदार्थ की अवस्था को परिवर्तित कर सकते हैं।
(iv) ठोस $CO_2$ गैस बनने से पहले द्रव $CO_2$ में पिघल जाती है।

Ans
- ✗ A. केवल (i) और (iv)
- ✓ B. केवल (i), (ii) और (iii)
- ✗ C. (i), (ii), (iii) और (iv)
- ✗ D. केवल (ii) और (iv)

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. AYC
- ✗ B. LJN
- ✓ C. GFI
- ✗ D. USW

Q.63 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FIST' को '3962' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SOFT' को '3562' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'O' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 9
- ✓ B. 5
- ✗ C. 6
- ✗ D. 2

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.64 एक उत्पादक के पास 5000J ऊर्जा है। यदि केवल 10% ऊर्जा का अंतरण पोषण स्तरों के बीच होता है, तो द्वितीयक उपभोक्ता को कितनी ऊर्जा उपलब्ध होगी?

Ans
- ✗ A. 25 J
- ✓ B. 50 J
- ✗ C. 500 J
- ✗ D. 5 J

Q.65 मई 2025 में, इसरो (ISRO) का 101वां प्रक्षेपण प्रयास, जो विफल रहा, किस उपग्रह को ले जा रहा था?

Ans
- ✓ A. EOS-09
- ✗ B. EOS-01
- ✗ C. EOS-02
- ✗ D. EOS-08

Q.66 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं, केवल एक अंक वाली संख्याएं हैं।)

(बाएं) 4 7 5 8 9 2 8 7 1 6 8 2 9 8 5 2 8 2 6 4 4 7 8 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद भी एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक भी नहीं
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.67 टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक बनाने वाला पहला भारतीय विकेटकीपर कौन है?

Ans
- ✗ A. महेंद्र सिंह धोनी
- ✗ B. दिनेश कार्तिक
- ✓ C. ऋषभ पंत
- ✗ D. रिद्धिमान साहा

Q.68 जुलाई 2025 में, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) ने META और NSDC द्वारा संयुक्त रूप से विकसित कौन-सा AI-संचालित चैटबॉट लॉन्च किया?

Ans
- ✗ A. पावर एआई असिस्टेंट (Power AI Assistant)
- ✗ B. MSDE-एआई (MSDE-AI)
- ✓ C. स्किल इंडिया असिस्टेंट (Skill India Assistant)
- ✗ D. पावर-एआई (Power-AI)

Q.69 यदि $\left(\frac{7}{11}\right)^{k-5} = \left(\frac{11}{7}\right)^{k-9}$ है, तो $2^k$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 256
- ✓ B. 128
- ✗ C. 64
- ✗ D. 32

Q.70 ₹16,800 अंकित मूल्य वाला कोई मोबाइल फोन, ₹13,944 की धनराशि में बेचा जाता है। उस मोबाइल फोन की बिक्री पर प्रदान की गई प्रतिशत छूट ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 16%
- ✗ B. 18%
- ✓ C. 17%
- ✗ D. 15%

Adda247

Q.71 A की आयु और B की आयु के 5 गुने का योग 36 वर्ष है। जब A की आयु के 3 गुने को B की आयु के 7 गुने में जोड़ा जाता है, तो परिणाम 62 वर्ष होता है। A और B की आयु का योग (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 16
- ✗ C. 18
- ✓ D. 13

Q.72 $\tan\frac{20\pi}{21} - \tan\frac{2\pi}{7} + \sqrt{3}\tan\frac{2\pi}{7}\ \tan\frac{20\pi}{21} = ?$

Ans
- ✗ A. $-\frac{1}{\sqrt{3}}$
- ✗ B. $\frac{1}{\sqrt{3}}$
- ✓ C. $-\sqrt{3}$
- ✗ D. $\sqrt{3}$

Q.73 तीन मित्र A, B और C ने क्रमशः ₹6,000, ₹8,000 और ₹10,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। यदि वर्ष के अंत में उनका कुल लाभ ₹12,000 है, तो C का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹4,500
- ✗ B. ₹5,500
- ✗ C. ₹4,000
- ✓ D. ₹5,000

Q.74 माजुली द्वीप भारत के किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✗ A. ओडिशा
- ✓ B. असम
- ✗ C. पश्चिम बंगाल
- ✗ D. आंध्र प्रदेश

Q.75 एक साइकिल चालक 2.5 घंटे तक 18 km/hr की चाल से यात्रा करता है। उसके द्वारा तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 45 km
- ✗ B. 40 km
- ✗ C. 48 km
- ✗ D. 43 km

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित प्रकार से, RIAL का संबंध HYQB से है। उसी प्रकार, DUMX का संबंध TKCN से है। इसी तर्क के अनुसरण करते हुए, ZQIT का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✓ A. PGYJ
- ✗ B. PGTR
- ✗ C. PGTY
- ✗ D. PLKI

Adda247

Q.77 राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (DPSP) से संबंधित, निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, 1992 के 73वें संशोधन द्वारा लागू किया गया था?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 46
- ✗ B. अनुच्छेद 44
- ✗ C. अनुच्छेद 42
- ✓ D. अनुच्छेद 40

Q.78 सुकेंद्रकी कोशिका में, आनुवंशिक जानकारी संवहन करने वाली सूत्रवत् संरचनाएँ मुख्यतः ___________ में पाई जाती हैं।

Ans
- ✓ A. केन्द्रक
- ✗ B. राइबोसोम
- ✗ C. कोशिकाद्रव्य
- ✗ D. गोल्जी काय

Q.79 A, B, C, D, P, Q और R एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, R के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। B, D के ठीक बायीं ओर पड़ोस में बैठा है। D, Q के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। P, R के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।
C के दायीं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. A
- ✗ B. B
- ✗ C. D
- ✓ D. Q

Q.80 निम्नलिखित बंटन का माध्य क्या है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंक | 14 | 37 | 60 | 79 | 97 |
| विद्यार्थियों की संख्या | 11 | 41 | 56 | 55 | 32 |

Ans
- ✗ A. 88
- ✗ B. 60
- ✓ C. 64
- ✗ D. 86

Q.81 बजट घाटा क्या है?

Ans
- ✗ A. राजकोषीय घाटा शून्य होना
- ✗ B. सरकार की आय उसके व्यय से अधिक होना
- ✗ C. RBI द्वारा अतिरिक्त मुद्रा मुद्रित किया जाना
- ✓ D. सरकार का व्यय उसकी आय से अधिक होना

Q.82 $\frac{\sqrt{0.01}}{\sqrt{0.0025}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 7
- ✗ B. 16
- ✓ C. 2
- ✗ D. 22

Q.83 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन प्रकाश के एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में प्रवेश करने पर आपतित किरण, अपवर्तित किरण और आपतन बिंदु पर अभिलंब के बीच संबंध का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. ये सभी यादृच्छिक रूप से विभिन्न दिशाओं में गति करते हैं।
- ✗ B. अभिलंब सदैव अपवर्तित किरण से 90° के कोण पर होता है।
- ✗ C. अभिलंब को छोड़कर, केवल आपतित और अपवर्तित किरणें एक ही तल में होते हैं।
- ✓ D. आपतित किरण, अपवर्तित किरण और अभिलंब सभी आपतन बिंदु पर एक ही तल में होते हैं।

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.84 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, GLAS का संबंध KPWO से है। उसी प्रकार, OTSK का संबंध SXOG से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, WBKC का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. BDHY
- ✓ B. AFGY
- ✗ C. BEHZ
- ✗ D. ZGFX

Q.85 भारतीय संविधान के भाग VIII में, निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित हैं?

Ans
- ✓ A. अनुच्छेद 239 से 241
- ✗ B. अनुच्छेद 259 से 271
- ✗ C. अनुच्छेद 249 से 261
- ✗ D. अनुच्छेद 235 से 239

Q.86 अभिकथन (A) और कारण (R) से क्रमांकित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सत्य विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): आयरन सल्फेट विलयन में तांबे का तार कोई दृश्य अभिक्रिया नहीं दर्शाता है।
कारण (R): तांबा, आयरन की तुलना में कम अभिक्रियाशील होता है।

Ans
- ✗ A. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- ✗ B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
- ✗ C. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
- ✓ D. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

Q.87 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी मक्खियाँ, कीट हैं।
सभी कीट, लेज़र हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ लेज़र, कीट हैं।
(II) सभी मक्खियाँ, लेज़र हैं।

Ans
- ✓ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.88 भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य की तटीय परिसीमा सबसे लंबी है?

Ans
- ✗ A. आंध्र प्रदेश
- ✗ B. पश्चिम बंगाल
- ✓ C. गुजरात
- ✗ D. महाराष्ट्र

Q.89 यह प्रश्न निम्नलिखित पदों पर आधारित है।
PAN YEW CRY URN
दाएं से दूसरे पद के दूसरे अक्षर और बाएं से दूसरे पद के तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 5
- ✓ C. 4
- ✗ D. 8

Adda247

Q.90 निम्नलिखित में से किस संपीडित गैसों का उपयोग दैनिक जीवन में सामान्यतः की जाती हैं?

(i) खाना पकाने के लिए LPG
(ii) अस्पतालों में ऑक्सीजन
(iii) वाहनों में CNG
(iv) बोतलों में जल

Ans
- ✗ A. केवल (ii) और (iv)
- ✗ B. केवल (i) और (iii)
- ✗ C. (i), (ii), (iii) और (iv)
- ✓ D. केवल (i), (ii) और (iii)

Q.91 निम्नलिखित में से कौन-सी पारिस्थितिक अवधारणा उस प्रक्रिया को सर्वोत्तम तरीके से परिभाषित करती है जिसके द्वारा जल निकाय पोषक-तत्वों, मुख्यतः नाइट्रोजन और फास्फोरस से अत्यधिक समृद्ध हो जाता है, जिससे शैवाल और अन्य साधारण पादप जीवन की अत्यधिक वृद्धि होती है?

Ans
- ✗ A. जैव आवर्धन
- ✗ B. जैव संचयन
- ✗ C. पारिस्थितिक अनुक्रम
- ✓ D. सुपोषण

Q.92 भारत में उग्रवादी आंदोलन के उदय का तात्कालिक कारण निम्नलिखित में से क्या था?

Ans
- ✗ A. जलियाँवाला बाग हत्याकांड (1919)
- ✓ B. बंगाल विभाजन (1905)
- ✗ C. रॉलेट एक्ट (1919) का पारित होना
- ✗ D. बाल गंगाधर तिलक की गिरफ्तारी (1908)

Q.93 तंबाकू चर्वण से संबंधित प्रमुख जोखिम क्या है?

Ans
- ✓ A. फुफ्फुसीय रोग और कैंसर
- ✗ B. जोड़ों का दर्द
- ✗ C. त्वक् क्षोभ
- ✗ D. पेशी ऐंठन

Q.94 बजट 2021-22 में COVID-19 वैक्सीन के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई?

Ans
- ✗ A. ₹50,000 करोड़
- ✓ B. ₹35,000 करोड़
- ✗ C. ₹45,000 करोड़
- ✗ D. ₹25,000 करोड़

Q.95 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(198, 170, 142)
(214, 186, 158)

Ans
- ✗ A. (116, 98, 86)
- ✗ B. (235, 207, 169)
- ✗ C. (168, 140, 102)
- ✓ D. (142, 114, 86)

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.96 यह प्रश्न निम्नलिखित पदों पर आधारित है।

(बाएं) ONE TWO BEN MUG (दाएं)

यदि प्रत्येक पद से पूर्व 'C' जोड़ दिया जाए, तो इनमें से कौन-सा पद अर्थपूर्ण अंग्रेजी पद बन जाएगा?

Ans
- ✗ A. MUG और ONE दोनों
- ✗ B. केवल BEN
- ✗ C. ONE और TWO दोनों
- ✓ D. केवल ONE

Q.97 एक पाइप एक टैंक को 12 min में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 21 min में खाली कर सकता है। यदि खाली टैंक में दोनों पाइपों को एक साथ चालू किया जाए, तो टैंक का एक-चौथाई भाग भरने में कितना समय (min में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 14
- ✓ B. 7
- ✗ C. 28
- ✗ D. 21

Join Telegram Railway News Room

Q.98 क्या होता है जब ध्वनि स्रोत का कंपन तीव्र हो जाता है?

Ans
- ✗ A. आवृत्ति और पिच (pitch) दोनों कम हो जाती हैं।
- ✓ B. आवृत्ति और पिच दोनों बढ़ जाती हैं।
- ✗ C. आवृत्ति बढ़ जाती है, लेकिन पिच कम हो जाती है।
- ✗ D. कंपन की चाल चाहे जो भी हो, पिच समान रहती है।

Q.99 अमित, अविनाश से कोई धनराशि, 5% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए उधार पर लेता है। 2 वर्षों के बाद, वह लोन का पूर्ण भुगतान ₹6,666 की धनराशि से करता है। अमित द्वारा भुगतान किया गया ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹600
- ✓ B. ₹606
- ✗ C. ₹612
- ✗ D. ₹610

Q.100 निम्नलिखित में से कौन-सा नेता चरमपंथी चरण से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. महात्मा गांधी
- ✗ B. गोपाल कृष्ण गोखले
- ✓ C. बाल गंगाधर तिलक
- ✗ D. दादाभाई नौरोजी

Adda247